चुनाव के ऐलान से पहले मोदी ने दीं सौगातें
देखें अंदर

NBT
नवभारत टाइम्स

प्रियंका संग काम नहीं करेंगे सलमान!
देखें अंदर

जेवर एयरपोर्ट : जमीन देने वालों को सोमवार से मिलेगा मुआवजा

पहले चरण में 6 गांवों के किसानों में बांटे जाएंगे 28 अरब, 52 करोड़ रुपये

महकार भाटी, ग्रेटर नोएडा

जेवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले क्षेत्र के किसानों को सोमवार से 2300 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से मुआवजा मिलेगा। उन्हें मुआवजे पर 12 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज के साथ अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। पहले चरण में 6 गांवों के किसानों के बीच कुल 28 अरब, 52 करोड़ रुपये बांटे जाएंगे। इन किसानों को बसाने के लिए सेक्टर भी विकसित किए जाएंगे।

यमुना एक्सप्रेसवे से पहले बेहतर नहीं थी जेवर से कनेक्टिविटी : जेवर इलाका विकास के लिहाज से नोएडा-ग्रेनो से बेहद पिछड़ा हुआ है। जेवर के खादर क्षेत्र में लोगों का मुख्य व्यवसाय पशुपालन और खेती था। आवागन के साधन नहीं थे। यमुना एक्सप्रेसवे बनने से पहले नोएडा-ग्रेनो के लोगों और जिला प्रशासन के अधिकारियों को जेवर तहसील जाने के लिए दिल्ली के सरिता विहार होते हुए बदरपुर बॉर्डर से फरीदाबाद पलवल होते हुए जाना पड़ता था। साल 2012 में यमुना एक्सप्रेसवे बनने के बाद जेवर एरिया तक पहुंचना आसान हुआ, लेकिन ग्रामीण इलाके में विकास जहां का तहां ही रहा।

यह प्रॉजेक्ट 5 हजार हेक्टेयर जमीन पर प्रस्तावित है

जेवर एयरपोर्ट प्रॉजेक्ट ने इलाके को मोड़ा विकास की ओर : यूपी में बीजेपी सरकार ने 16 साल से फाइलों में सिमटे पड़े जेवर एयरपोर्ट प्रॉजेक्ट को निकालकर जेवर एरिया को विकास की ओर मोड़ दिया। यह एयरपोर्ट प्रॉजेक्ट 5 हजार हेक्टेयर जमीन पर प्रस्तावित है। पहले चरण में जेवर के आस-पास के 6 गांवों रोही, पारोही, रन्हेरा, बनवारीबास, किशोरपुर और दयानतपुर गांव की 1334 हेक्टेयर जमीन अधिगृहित की जा रही है। इन गांवों के किसानों को जमीन अधिग्रहण के बदले में 28 अरब, 52 करोड़ रुपये का मुआवजा सोमवार से बंटना शुरू होगा।

किसानों को मिल सकेगी बेहतर जिंदगी : एयरपोर्ट के प्रभावित किसानों के बसाने के लिए जेवर कस्बे के पास 50 हेक्टेयर जमीन पर सेक्टर बनाए जाएंगे। यहां पर सेक्टरों की तरह हर सुविधा मिलेगी। मुआवजे की मोटी रकम से किसानों का रहन-सहन पूरी तरह से बदल जाएगा। यहां के किसान भी नोएडा-ग्रेनो के किसानों की तरह लग्जरी जिंदगी जीने लगेंगे। दयानतपुर के किसान रामगोविंद ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट बनने से एरिया का विकास तो होगा ही साथ ही हम किसानों की भी जिंदगी बदल जाएगी। अभी तक किसान खेत-खलिहान तक ही सिमट कर रह जाता था।

ऐसे मिलेगा मुआवजे पर ब्याज

नए जमीन अधिग्रहण अधिनियम में सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट पूरा होने की तारीख से लेकर किसान को मुआवजा देने के लिए अवॉर्ड घोषित होने की तारीख तक मुआवजा राशि पर 12.5 प्रतिशत मुआवजा देने का प्रावधान है। असेसमेंट के बाद कई अन्य प्रशासनिक कार्रवाई होती हैं। किसानों से सहमति ली जाती है। इस अवधि का किसानों को ब्याज दिया जाएगा। सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट की रिपोर्ट 11 जनवरी 2018 को एडीएम लैंड के पास पहुंची थी। 19 व 22 फरवरी 2019 को तीन गांवों के मुआवजे के लिए अवॉर्ड घोषित हुआ। इस बीच की अवधि का इन्हें ब्याज दिया जाएगा।

खुशखबरी

- 2300 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से मिलेगा जमीन देने वाले किसानों को मुआवजा
- उन्हें मुआवजे पर 12 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज के साथ अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी
- प्रभावित किसानों को बसाने के लिए 50 हेक्टेयर में सेक्टर विकसित किए जाएंगे
- पहले चरण में जेवर के पास के 6 गांवों रोही, पारोही, रन्हेरा, बनवारीबास, किशोरपुर और दयानतपुर गांव की 1334 हेक्टेयर जमीन अधिगृहित की जा रही है